Regarding alleged illegal mining activities in Bharatpur Parliamentary Constituency - laid

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर):भरतपुर संसदीय क्षेत्र (राजस्थान) में हो रहे अवैध खनन के संबंध में भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में खनन माफियाओ द्वारा भरतपुर जिले की पहाडी तहसील के गांव नांगल व धौलेट में अपनी लीजों के साथ आस-पास के क्षेत्र व अन्य खनन पट्टों के बाहर जाकर बड़ी मात्रा में खनन करके करोंडों रूपए का राजस्व नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लोगों की शिकायतों के दबाव के बाद गांव नांगल स्थित खनन पट्टा संख्या एमएल संख्या 273/2 अवैद्य खनन को लेकर शिकायत किए जाने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर खनिज अभि० भरतपुर की टीम द्वारा दिनांक 15.10.2020 को उक्त खनन लीजों का मौका निरीक्षण किया गया जिसमें भारी मात्रा में अवैद्य खनन सामने आया लेकिन कथित रूप से स्थानीय राजनीतिक संरक्षण के चलते दिनांक 10.11.2020 को खानापूर्ति करते हुए मात्र 10 करोड एवं 35 लाख की पैनल्टी नोटिस जारी किया गया व दिनांक 22.12.2020 का मांग कायम करते हुए पैनल्टी राशि का जमा कराने के लिए लिखा गया था जो कि अभी तक जमा हुई है या नहीं पता नहीं है। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि वह इसकी जांच ई डी अथवा सीबीआई से करवाने की कृपा करें।